'अप्प दीपो भव'

वॉयस ऑफ बुद्धा

Postal Reg. No.-DL(ND)-11/6144/2019-20-21
WPP Licence No.- U(C)-101/2019-2021
R.N.I. No. 68180/98

Date of Publication : 30.06.2019
Date of Posting on concessional rate :
2-3 & 16-17 of each fortnight

मूल्य : पाँच रूपये

प्रकाशक : डॉ. उदित राज, चेयरमैन - जस्टिस पब्लिकेशंस, टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001, फोन : 011-23354841-42

Website : www.aiparisangh.com **E-mail: parisangh1997@gmail.com**

● वर्ष : 22 ● अंक 13 ● पाक्षिक ● द्विभाषी ● कुल पृष्ठ संख्या 8 ● 16 से 30 जून, 2019

दलित सांसदों की भागीदारी का भ्रम

2014 में जब भारतीय जनता पार्टी जीतकर आयी तब दलित-आदिवासी सांसदों की संख्या उनके पास ज्यादा थी। प्रचारित किया गया कि इन वर्गों का समर्थन पार्टी को ज्यादा मिला और इस बार भी ऐसा ही कहा जा रहा है। 2014 में 84 दलित और 47 आदिवासी सांसद भाजपा के टिकट पर जीत कर आए और इस बार 86 दलित और 52 आदिवासी सांसद जीतकर आए हैं। मुसलमानों के बाद सबसे कम वोट दलित समाज ने भी दिया। उ.प्र. में जाटव समाज 17 प्रतिशत तो अन्य दलित 48 प्रतिशत वोट दिए। अगर मान लिया जाए कि आधी संख्या जाटव की है तो दोनो को मिलाकर 65 होता है। इस तरह से लगभग 32 प्रतिशत ही दलितों का वोट पड़ा जबकि ब्राह्मण का 82, राजपूत का 89, वैश्य का 70 और जाट का 91 है। जितना ही पार्टी के नेतृत्व पर सवर्णों का कब्जा होगा, उतना ही ज्यादा दलित-आदिवासी उस पार्टी में चुनकर जाएंगें।

भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व सवर्ण आधारित है, इसलिए दलित-आदिवासी सांसद ज्यादा चुनकर आए हैं। इस तरह की नेतृत्व इन वर्गों से ऐसे प्रत्याशियों का चुनाव करते हैं जो इनकी चमचागिरी करे और वफादार बना रहे। ऐसे दलित-आदिवासी उम्मीदवार को सवर्ण समाज शत्प्रतिशत् समर्थन करता है, क्योंकि वह इनकी परिक्रमा लगाता है और काम भी उन्हीं के अनुसार करता है। पिछड़ों में जो दबंग जातियों है, वे भी सेवादार उम्मीदवार को ही पसंद करते हैं। एक बार जब जब उपरोक्त का समर्थन मिल जाए तो थोड़ा-बहुत जात-बिरादरी का मिल ही जाता है, तो ऐसे में दलित-आदिवासी के लोग ज्यादा चुनकर आ जाते है।। अगर तेज-तर्रार को टिकट दे भी दिया तो खतरा रहता है कि सवर्ण समाज उनका समर्थन करेगा ही। सवर्णवादी मीडिया भी ऐसे उम्मीदवार के पक्ष में कुछ न कुछ अच्छी बात लिख ही देती है लेकिन स्वाभिमानी अगर होगा तो कुछ न कुछ उसकी खामी उजागर की जाएगी।

कमजोर उम्मीदवार होने की वजह से प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सवर्ण और दबंग के हाथ में आ जाती है, जो अधिक प्रभावशाली होती है। दबंगई का फायदा भी ऐसे दलित और आदिवासी उम्मीदवार को मिल जाता है। अलीगढ़ के एक सज्जन तीन बार चुनाव सांसद का जीते और उनकी खूबी यह रही है कि अपना गिलास और लोटा लेकर प्रचार करने के लिए निकलते थे और उसी में पानी पीते थे। वे बराबरी पर न बैठकर जमीन पर बैठ जाते थे और सवर्णों के कप एवं गिलास से चाय और पानी नहीं पीते थे, बल्कि अपने गिलास से कहने पर भी नहीं मानते थे और विनम्रता से जवाब देते थे कि वे सेवादार होकर कैसे हिम्मत कर सकते हैं परंपरा को तोड़ने की। ऐसे उम्मीदवारों का समर्थन सरकारी तंत्र से भी मिल जाता है। चुनाव में पैसे के खर्च की बड़ी समस्या होती है। जो

व्यापारी और ठेकेदार होते हैं, पैसा उन्हीं पर लगाते हैं, जो उनकी बात सुने। उन्हें विश्वास रहे कि जीतने के बाद जो वे कहेगें, वहीं होगा। तेज-तर्रार दलित और आदिवासी जीतने के बाद जरूरी नहीं है कि उनके कहने से काम करें।

अधिकतर पार्टियों का नजरिया यही रहता है कि पढ़ा-लिखा और सवाल करने वाले दलित को टिकट न दिया जाए। नेतृत्व को स्वयं भी गवारा नहीं होता कि इन वर्गों के लोग उनसे सवाल-जवाब करें और वे अपने समाज के लिए लड़े, जिससे कि चेतना का विस्तार हो। जो समाज जितना शिक्षित और जाग्रत होगा वह किसी भी पार्टी के लिए चुनौती तो बनता ही है, अगर उनके सरोकारों को संबोधित नहीं किया जाता। उन जातियों का प्रतिनिधित्व संसद और विधान सभाओं में घटता जा रहा है, जो पढ़-लिख गयी हैं और अपने अधिकारों के प्रति सचेत हैं। उ.प्र. में जाटव समाज से सभी कतराते हैं, क्योंकि वे अधिकारों के प्रति जागरूक हैं और सच कहा जाए तो चाहे आरक्षण बचाने की लड़ाई हो या उत्पीड़न के खिलाफ, मूलतः लड़ते वही हैं। यह समाज अम्बेडकरवादी हो चुका है और जो अम्बेडकरवादी होगा, वह स्वाभिमानी आवश्य होगा। आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना में माला समाज को भी इन्हीं समस्याओं से जूझना पड़ रहा है और महाराष्ट्र में महार समाज।

जिस तरह से अंधविश्वास, धर्म का प्रयोग और साम्प्रदायिकता राजनीति की दिशा तय करने लगी है, इससे किसी का भला नहीं होने वाला है और अंत में देश को गर्त में जाना ही है। जो अपने आपको राष्ट्रवाद और विकास की बात करते हैं, उन दलितों और आदिवासियों को पसंद करते हैं, जो प्रायः गूंगे और बहरे होते हैं, क्या इससे देश और समाज का भला हो सकता है? हमारे समाज में सामुदायिक भले की बात सदियों से नहीं रही है और आज भी बहुत कम है और अधिकतर लोग अपना और जाति का भला सोचते हैं और ऐसे में सपना देखना कि यह कभी विकसित देश बन सकेगा, वह पूरा नहीं होने वाला है। जो दलित जातियां शिक्षित एवं स्वाभिमानी हो चुकी हैं, सवर्ण मानसिकता के लोग दूसरी दलित जातियों को उनसे लड़ाने का काम करती हैं और यही नहीं बल्कि पार्टी एवं प्रतिनिधित्व भी उन्हीं को ज्यादा देते हैं। जाग्रत और स्वाभिमानी जातियों का पूर्व में न केवल सरकारी नौकरियों बल्कि राजनीति में भी ज्यादा प्रतिनिधित्व हो चुका है और इसको इस तरह से पेश किया जाता है कि जो दलित जातियां कम शिक्षित और जाग्रत हैं, उनको कहा जाता है कि तुम्हारा हिस्सा कोई और खा रहा है। इन जातियों का लोभी-लालची नेतृत्व और समाज के सीधेपन का फायदा तथाकथित सवर्ण मानसिकता के लोग समय-समय पर उठाते रहते हैं। यह भ्रम नहीं होना चाहिए कि जिन पार्टियों में ज्यादा दलित-आदिवासी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, वे इनके बहुतायत के वोट की वजह से है, जो जरूरी नहीं है कि सच ही हो।

- डॉ. उदित राज
पूर्व सांसद एवं
राष्ट्रीय चेयरमैन,
अनुसूचित जाति / जन जाति
संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ
टी-22, अतुल ग्रोव रोड,
कनॉट प्लेस,
नई दिल्ली-1

परिसंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन 6 व 7 जुलाई को दिल्ली में

06 और 07 जुलाई, 2019 को मावलंकर हॉल, कांस्टीट्यूशन क्लब, नजदीक पटेल चौक मेट्रो, नई दिल्ली में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इसमें पूरे देश के परिसंघ के पदाधिकारियों, सदस्यों कार्यकर्त्ताओ व शुभचिंतकों सहित बुद्धिजीवियों को आमंत्रित किया जा रहा है। इस सम्मेलन में विचार किया जायेगा कि आरक्षण पर आए संकट से कैसे निपटा जाए। आरक्षण समाप्ति की ओर है तो निजी क्षेत्र में किस तरह से आरक्षण लागू कराया जाए। इसके अलावा दलितों पर आए दिन होने वाले भेदभाव व अत्याचार की समस्या से कैसे निपटा जाए, आदि मुख्य विषय हैं। इसलिए आप दो दिवसीय सम्मेलन में साथियों के साथ आएं और बैठकर चर्चा में भाग लें। कोई न कोई रास्ता तो निकालना पड़ेगा। हम महसूस करते है कि इस समय दलित व पिछड़ा समाज अंधकार में पड़ा है, और उसके अधिकारों पर कुठाराधात हो रहा है। जहां भी मैं जाता हूं सुनने को मिलता है कि आरक्षण खत्म हो रहा है, सिर्फ कागजों में रह गया है, वास्तव में समाप्त हो जायेगा, यदि अब भी समाज घर से बाहर निकल कर आन्दोलन नहीं करेगा तो ये भ्रांतियां हैं कि राजनीतिक सत्ता जब तक न मिले तब तक तो अधिकार नहीं मिल सकते। बाबा साहेब को कोई राजनीतिक सत्ता नहीं मिली थी फिर भी आरक्षण जैसे अधिकार सुनिश्चित कराए। गुर्जर जाट, पटेल और मराठा आदि ने भी सामाजिक आन्दोलन के जरिये आरक्षण लिया है, हम भी समाजिक आन्दोलन के जरिये पहले भी आरक्षण बचाए और आगे भी बचाते रहेंगे।

इस सम्मेलन में हॉल इत्यादि की बुकिंग, खाना की व्यवस्था आदि करने के लिए 500 रू. प्रति व्यक्ति सहयोग राशि के रूप में रखी गयी है। कृपया आने की अग्रिम सूचना **(https://bit.ly/2Dn1Dm0)** पर फॉर्म भर कर अथवा राष्ट्रीय कार्यालय में श्री सुमित मो. 9868978306 या अंकित कुमार मो. 787720495 को फोन करके) दे। सम्मेलन से संबंधित हैंडबिल पेज 4 पर हिंदी में एवं पेज 5 पर अंग्रेजी में छापा जा रहा है, उसे अवश्य पढ़े और अन्य साथियों को भी पढ़ाएं।

- डॉ. उदित राज, राष्ट्रीय अध्यक्ष, परिसंघ

मैं परिसंघ का समर्थक क्यों

महामानव तथागत गौतम बुद्ध की समग्र दुनिया में आहलेक छाई हुई है, महात्मा बुद्ध की वाणी से मानव जगत का कल्याण होता रहता है। सम्राट अशोक के बाद महात्मा बुद्ध के कल्याण मार्ग का प्रचार-प्रसार बोधिसत्व डॉ. अम्बेडकर जी ने किया। महात्मा बुद्ध के प्रचारक संतवीर्य कबीर जी थे। बाबा साहब डॉ. अम्बेडकर जी के नक्शेकदम पर मान्यवर काशीराम जी और डॉ. उदित राज जी ने प्रखर पुरुषार्थ से काम किया।

सन 1997 में सरकार द्वारा आरक्षण में संशोधित अध्यादेश पारित किया, उसके बदलाव में डॉ. उदित राज ने खुद की भी परवाह न करके सुपर क्लास- 1 की नौकरी छोडकर अ.जा/ अ.ज.जा के कई संगठनों को जोड़कर राष्ट्रीय लेवल का अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ का गठन करके ये अध्यादेश निरस्त करवाए।

अखिल भारतीय परिसंघ ही क्यों? कुछेक लोग और संगठन वाले हमेशा पूछताछ किया करते है कि आखिरकार आप परिसंघ का ज्यादातर प्रचार- प्रसार क्यों किया करते हैं?

उस सवाल का मैं सहज जवाब ये देता हूं की जब सारी संस्थाएँ - एनजीओ सरकार से लाभ ले रहे थे, या लाभान्वित होकर ऐशोआराम और सिर्फ दिखावे के लिए मीटींग वगैरह कर रहे थे, तब परिसंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदित राज, उनके साथी व सहयोगी संगठन दिन रात एक करके, सतत संघर्षरत रहकर अ.जा/ ज.जा. के लोगों के हक के लिए लड़ाई लड रहे थे सतत संघर्ष के परिणामस्वरूप आरक्षण के तीन सुधार अध्यादेश को वापिस करवा सके थे। इसीलिए मैं परीसंघ का प्रखर समर्थक रहा हूं, और अनवरत ये बात प्रचारित करता रहूंगा।

परिसंघ के संघर्ष फलस्वरूप उपलब्धियाँ : परिसंघ का प्रसार अत्यावश्यक है।

परिसंघ की स्थापना से लेकर आज तक की उपलब्धियाँ - भारतवर्ष में परिसंघ के छोटे-बड़े कार्यकर्ता मौजूदा हैं। सभी संविधान के प्रति उत्तरदायित्व हैं, चौकन्ना हैं और हमारे हक की लड़ाई लड रहे हैं।

मेरा पूर्ण आग्रह है कि हमसब अपना मनोबल कायम करके बाबासाहब का कारवाँ और आगे ले जाएं। परिसंघ का प्रसार कैसे बढ़ाया जाय : दरअसल कोई भी संगठन या सत्ता उसके कार्यकर्ता के मनोबल पर आधारित रहता है, मनोबल संगठन के उद्देश्य पर निर्भर रहता है, कार्यकर्ता का मनोबल और संगठन का उद्देश्य संगठन के पदाधिकारियों के विश्वास पर खरा उतरता है। यह सब संगठन के सुप्रीमो की मन्शा पर निर्भर होता है, अतः परिसंघ का उद्देश्य स्पष्ट है, कार्यकर्ता का मनोबल दृढ है और पदाधिकारीगण का विश्वास भी कायम निश्चल है। परिसंघ के सुप्रीमो डॉ. उदित राज जी की मन्शा अटल है, जिसे पूरा राष्ट्र ही नहीं, अपितु संसार के बुद्धिजीवीयों ने उन्हें भारत के दूसरे अम्बेडकर के रूप में माना है।

संगठन के व्याप-विस्तार हेतू ये कर सकते है : हमारे साथ जितने साथी जुड सके उन्हें पहले जोडें। उन सभी को संगठन के उद्देश्य व कार्य समझायें की संगठन ने क्या-क्या किया? फिर उन सब साथीयों को उनके परिवार, ग्राम व जहाँ उनकी पहुंच है वहाँ उसका प्रचार-प्रसार करें। दूसरे संगठन के पदाधिकारीयों से पत्राचार व संपर्क करें।

जिनसे सकारात्मक प्रत्युत्तर मिलता है उनसे मिले और परिसंघ में जोड़ते जायें। परिसंघ का कैडर कैम्प भी लगाना चाहिये। तहसील, जिला स्तर की मीटिंग व कैडर कैम्प करना चाहिए। राज्य अध्यक्ष राज्य स्तरीय अधिवेशन बुलायें और उसमें हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष कैडर लेंगे। संगठन में जितना हो सके उतना सदस्यों की संख्या बढ़ानी चाहिए।

संगठन के पदाधिकारी का कान हाथी जैसा, पेट गणेश जैसा रखना चाहिये, सुनो सबकी, लेकिन किसी से लडाई - झगड़ा नहीं करना चाहिए।

मैंने मेरे हिसाब से परिसंघ को कैसे बढ़ाया जाय ये शब्दों में अंकित किया। उस पर कैसे चलना, कहाँ किस तरह ये सब आप सबको तय करना है। मुफ्त में कुछ नहीं मिलता, अनवरत संघर्ष करना पडता है, तब जाकर कुछ हासिल होता है।

- उत्पल कुलकर्णी
गुजरात राज्य
मों. 9898365955

अखिल भारतीय परिसंघ के सामाजिक परिवर्तन की ओर बढ़ते कदम

साथियों जय भीम नमोबुद्धाय जैसा कि बहुजन समाज में जन्मे महापुरुषों के अनुसार सामाजिक परिवर्तन किये, बिना राजनीतिक परिवर्तन संम्भव नहीं। इतिहास गवाह है सामाजिक संगठनों एवं सामाजिक आंदोलनों से राजीतिक पार्टियों ने जन्म लिया, सामाजिक आंदोलनों में भविष्य के नेता तैयार होते हैं। मैं बहुजन समाज के बुद्धिजीवियों खासकर युवाओं से कहना चाहता हूँ कि अपनी ऊर्जा समाज बचाने में लगाओ, नेता बचाने में नहीं, जब समाज बाबा साहब, फुले, शाहूजी, पेरियार के विचारों का तैयार होगा तो बहुत से नेता समाज में तैयार हो जायेंगे। अब समय आ गया है कि आपसी जातिवाद छोड़कर बाबा साहब के सपनों का भारत तैयार करें तभी हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित होगा।

सामाजिक परिवर्तन की एक कड़ी में, अखिल भारतीय परिसंघ एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ग्राम खुमान पुर, घासरा अछल्दा, जनपद औरैया मे बुद्ध कथा एवं सामाजिक चिंतन शिविर का आयोजन किया गया, आयोजक कमेटी ने परिसंघ के प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार चक को बुद्ध का उद्घाटन एवं शुभारंभ करने के लिए आमंत्रित किया।

प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार चक जी, मण्डल अध्यक्ष डॉ. विशंभर नाथ जी, परिसंघ औरैया के महासचिव श्री सुबोध कुमार बौद्ध जी, संरक्षक परिसंघ औरैया रामदास कठेरिया(बंधू जी), जिला संगठन मंत्री श्री संदीप कठेरिया जी, ब्लॉक अध्यक्ष अछल्दा श्री सुमित कठेरिया जी एवं समस्त परिसंघ द्वारा कार्यक्रम का तथागत बुद्ध, बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र पर पुष्प एवं माल्यर्पण कर किया गया और भगवान बुद्ध जी के जीवन पर प्रकाश डलाते हुए।

एक बार भगवान बुद्ध से उनके एक शिष्य ने कहा भगवन अब मे आपके द्वारा सिखायी गयी जीवन मरण कें चक्र सें मुक्त कराने वाली विद्या विपश्यना ध्यान को भली भाँति जान गया हूँ, उसे भली भाँति सीख गया हूँ। तो क्या अब में इस विद्या को अपने प्रांत मे जाकर अपने प्रांत कें लोगो को इस विद्या को सिखा सकता हूँ।

तो भगवन ने प्रति उत्तर में पूछा, प्रिय भन्ते तुम्हारे प्रांत कें लोग तो बड़े उग्र स्वभाव के है। बड़े गुसैल है। अगर तुम उन्हें शुद्ध धर्म की बात बताओगे उन्हें शुद्ध धर्म का पालन करना सिखओगे, तो उन्हें ये नयी सी बात लगेगी। वे लोग तुम्हारा विरोध करेंगे, वे लोग तुमसे गाली गलोच करेंगे, तुम्हारा तिरस्कार करेंगे, तो तुम क्या करोगे मेरे बच्चे, तो शिष्य ने बड़ा ही प्यारा और समझदारी पूर्वक जवाब दिया, उसने बोला मैं अपने मन में प्राणि मात्र के लिए मैत्री करुणा और प्यार से ये सोचूँगा, कि ये लोग अभी अंधकार मे जी रहे है, इनको शुद्ध धर्म का ज्ञान नही है। मुझे इन लोगो को शुद्ध धर्म का ज्ञान देना है। ये प्राणि कितने भले है, कितने प्यारे है, कोई और लोग होते तो मुझसे हाथा पायी करते मुझे दंडों सें मारते। तो बुद्ध भगवन ने पूछा अगर वो लोग तुमसे हाथा पायी करने लगे, अगर तुम्हें डंडों सें पीटने लगे तो। तो शिष्य बोला तो मे उनको मंगल मैत्री देत्ते हुए सोचूँगा की ये लोग कितने भले है, ये लोग तो सिरफ मुझे दंडों सें पीट रहे है, अगर कोई और लोग होते तों मुझ पर तलवार हथियारों सें हमला कर सकते थे, मेरे अंग काट सकते थे। तों भगवन बुद्ध ने पूछा अगर उन्होने तलवार हथियारों सें तुम्हारे शरीर कें अंग काट दिये तो, तो शिष्य ने उत्तर दिया, में उनको मंगल मैत्री देते हुए अपने मन मे सोचूँगा, की ये लोग कितने भले है, कि इन्होनें तो तलवार हथियारों सें सिर्फ मेरे अंग काटे है, अगर कोई और लोग होते तो तलवार सें मेरा शीश ही काट देते, मेरे प्राण ही हर लेते।

तो भगवन बुद्ध ने पूछा अगर वे तलवार से तुम्हारा शीश काट देंगे तो। तो शिष्य बोला अगर वो मेरा शीश काट देंगे तों मे उनको मंगल मैत्री देते हुए अपने मन मे सोचूँगा की ये लोग कितने भले है, जिन्होनें मेरे प्राण हर लिए, वरना न जानें इस दुखी संसार में कितने ही लोग मन सें दुखी होकर अपने जीवन की लीला समाप्त कर लेते है, आत्म हत्या कर लेते है और एक जघन्य अपराध के भागी बन जाते है। इन लोगों ने तो मेरी मुक्ति कर दी और मुझे ऐसा जघन्य अपराध करने से बचाया।

भगवन बुद्ध ने बड़े प्रसन्न होकर बोला पुत्र तुम शुद्ध धर्म मे पक चुके हो, तुम अब शुद्ध धर्म लोगों को शीखा सकते हो। फिर बड़े प्रसन्न चित कें साथ आशीर्वाद देकर विदा किया, कि जाओ पुत्र जाकर लोगो को शुद्ध धर्म जाकर सिखाओं।

तो मित्रों आपने इस वाक्य से एक सीख जरूर ली होगी, कि चाहे आपकी मंजिल कितनी ही मुश्किल क्युं ना हो, आपका रास्ता कितना ही पथरीला क्यों ना हो, चाहे हिमालय के जितना ही उंचा क्यों न हो, अगर आपके हौंसल बुलंद है, और मन मे मैत्री, करुणा, प्यार है, मन मे विश्वास है, और हौसला बुलंद है, तों आप आज नही तों कल अपनी मंजिल पा ही लोगे। आप कभी अपनी मंजिल की तरफ चलते हुए, थकोगे नही।

इस मौके पर आयोजक समिति द्वारा परिसंघ प्रदेश महासचिव श्री नीरज कुमार चक समेत समस्त पदाधिकारियो का जोरदार स्वागत किया गया, परिसंघ इकाई औरैया की तरफ से बुद्ध कथा आयोजक समिति का आभार प्रकट करते हुए तथागत बुद्ध और उनके धम्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बाबा साहब अम्बेडकर के बताये हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया, साथ ही कथा वाचक कु रजनी बौद्ध अम्बेडकर ने कथा वाचन प्रारंभ किया।

निवेदक-समस्त परिसंघ इकाई औरैया।

पाठकों से अपील

'वॉयस ऑफ बुद्धा' के सभी पाठकों से निवेदन है कि जिन्होंने अभी तक वार्षिक शुल्क/शुल्क जमा नहीं किया है, वे शीघ्र ही बैंक ड्रॉफ्ट द्वारा 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के नाम से टी-22, अतुल ग्रोव रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली-110001 को भेजें। शुल्क 'जस्टिस पब्लिकेशंस' के खाता संख्या 0636000102165381 जो पंजाब नेशनल बैंक की जनपथ ब्रांच में है, सीधे जमा किया जा सकता है। जमा कराने के तुरंत बाद इसकी सूचना ईमेल, दूरभाष या पत्र द्वारा दें। कृपया 'वॉयस ऑफ बुद्धा' के नाम ड्राफ्ट या पैसा न भेजें और मनीआर्डर द्वारा भी शुल्क न भेजें। जिन लोगों के पास 'वॉयस ऑफ बुद्धा' नहीं पहुंच रहा है, वे सदस्यता संख्या सहित लिखें और संबंधित डाकघर से भी सम्पर्क करें। आर्थिक स्थिति दयनीय है, अतः इस आंदोलन को सहयोग देने के लिए खुलकर दान या चंदा दें।

सहयोग राशिः

पांच वर्ष :	600 रुपए
एक वर्ष :	150 रुपए

संत कबीर दास जयंती पर जानें उनके महान जीवन के बारे में

कबीर एक ऐसी शख्शियत जिसने कभी शास्त्र नही पढा फिर भी ज्ञानियों की श्रेणीं में सर्वोपरी। कबीर, एक ऐसा नाम जिसे फकीर भी कह सकते हैं और समाज सुधारक भी।

मित्रों, कबीर भले ही छोटा सा एक नाम हो पर ये भारत की वो आत्मा है जिसने रूढियों और कर्मकाडों से मुक्त भारत की रचना की है। कबीर वो पहचान है जिन्होने, जाति-वर्ग की दिवार को गिराकर एक अद्भुत संसार की कल्पना की।

मानवतावादी व्यवहारिक धर्म को बढावा देने वाले कबीर दास जी का इस दुनिया में प्रवेश भी अदभुत प्रसंग के साथ हुआ।माना जाता है कि उनका जन्म सन् 1398 में ज्येष्ठ पूर्णिमा के दिन वाराणसी के निकट लहराता नामक स्थान पर हुआ था। उस दिन नीमा नीरू संग ब्याह कर डोली में बनारस जा रही थीं, बनारस के पास एक सरोवर पर कुछ विश्राम के लिये वो लोग रुके थे। अचानक नीमा को किसी बच्चे के रोने की आवाज आई वो आवाज की दिशा में आगे बढी। नीमा ने सरोवर में देखा कि एक बालक कमल पुष्प में लिपटा हुआ रो रहा है। निमा ने जैसे ही बच्चा गोद में लिया वो चुप हो गया।

नीरू ने उसे साथ घर ले चलने को कहा किन्तु नीमा के मन में ये प्रश्न उठा कि परिजनों को क्या जवाब देंगे। परन्तु बच्चे के स्पर्श से धर्म, अर्थात कर्तव्य बोध जीता और बच्चे पर गहराया संकट टल गया। बच्चा बकरी का दूध पी कर बडा हुआ। छः माह का समय बीतने के बाद बच्चे का नामकरण संस्कार हुआ। नीरू ने बच्चे का नाम कबीर रखा किन्तु कई लोगों को इस नाम पर एतराज था क्योंकि उनका कहना था कि, कबीर का मतलब होता है महान तो एक जुलाहे का बेटा महान कैसे हो सकता है? नीरू पर इसका कोई असर न हुआ और बच्चे का नाम कबीर ही रहने दिया। ये कहना अतिश्योक्ति न होगी कि अनजाने में ही सही बचपन में दिया नाम बालक के बडे होने पर सार्थक हो गया। बच्चे की किलकारियाँ नीरू और नीमा के मन को मोह लेतीं। अभावों के बावजूद नीरू और नीमा बहुत खुशी-खुशी जीवन यापन करने लगे।

कबीर को बचपन से ही साधु संगति बहुत प्रिय थी। कपडा बुनने का पैतृक व्यवसाय वो आजीवन करते रहे। बाह्य आडम्बरों के विरोधी कबीर निराकार ब्रह्म की उपासना पर जोर देते हैं। बाल्यकाल से ही कबीर के चमत्कारिक व्यक्तित्व की आभा हर तरफ फैलने लगी थी। कहते हैं- उनके बालपन में काशी में एकबार जलन रोग फैल गया था। उन्होने रास्ते से गुजर रही बुढी महिला की देह पर धूल डालकर उसकी जलन दूर कर दी थी।

कबीर का बचपन बहुत सी जडताओं एवं रूढीयों से जूझते हुए बीत रहा था। उस दौरान ये सोच प्रबल थी कि इंसान अमीर है तो अच्छा है। बडे रसूख वाला है तो बेहतर है। कोई गरीब है तो उसे इंसान ही न माना जाये। आदमी और आदमी के बीच फर्क साफ नजर आता था। कानून और धर्म की आड में रसूखों द्वारा गरीबों एवं निम्नजाती के लोगों का शोषण होता था। वे सदैव सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध थे और इसे कैसे दूर किया जाये इसी विचार में रहते थे। एक बार किसी ने बताया कि संत रामानंद स्वामी ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ लडाई छेड रखी है। कबीर उनसे मिलने निकल पडे किन्तु उनके आश्रम पहुँचकर पता चला कि वे मुसलमानों से नही मिलते। कबीर ने हार नही मानी और पंचगंगा घाट पर रात के अंतिम पहर पर पहुँच गये और सीढी पर लेट गये। उन्हे पता था कि संत रामानंद प्रातः गंगा स्नान को आते हैं। प्रातः जब स्वामी जी जैसे ही स्नान के लिये सीढी उतर रहे थे उनका पैर कबीर के सीने से टकरा गया। राम-राम कहकर स्वामी जी अपना पैर पीछे खींच लिये तब कबीर खडे होकर उन्हे प्रणाम किये। संत ने पूछा आप कौन? कबीर ने उत्तर दिया आपका शिष्य कबीर। संत ने पुनः प्रश्न किया कि मैने कब शिष्य बनाया? कबीर ने विनम्रता से उत्तर दिया कि अभी-अभी जब आपने राम-राम कहा मैने उसे अपना गुरुमंत्र बना लिया। संत रामदास कबीर की विनम्रता से बहुत प्रभावित हुए और उन्हे अपना शिष्य बना लिये। कबीर को स्वामी जी ने सभी संस्कारों का बोध कराया और ज्ञान की गंगा में डुबकी लगवा दी।

कबीर पर गुरू का रंग इस तरह चढा कि उन्होने गुरू के सम्मान में कहा है,

सब धरती कागज करू, लेखनी सब वनराज।
सात समुंद्र की मसि करु, गुरु गुंण लिखा न जाए।।
यह तन विष की बेलरी, गुरु अमृत की खान।
शीश दियो जो गुरु मिले, तो भी सस्ता जान।।

ये कहना अतिश्योक्ति नही है कि जीवन में गुरू के महत्व का वर्णन कबीर दास जी ने अपने दोहों में पूरी आत्मियता से किया है। कबीर मुसलमान होते हुए भी कभी मांस को हाँथ नही लगाया । कबीर जाँति-पाँति और ऊँच-नीच के बंधनो से परे फक्कड, अलमस्त और क्रांतिदर्शी थे। उन्होने रमता जोगी और बहता पानी की कल्पना को साकार किया। कबीर का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। वे हर तरह की कुरीतियों का विरोध करते हैं। वे साधु-संतो और सूफी-फकीरों की संगत तो करते हैं लेकिन धर्म के ठेकेदारों से दूर रहते हैं। उनका कहना है कि-

हिंदू बरत एकादशी साधे दूध सिंघाडा सेती।
अन्न को त्यागे मन को न हटके पारण करे सगौती।।
दिन को रोजा रहत है, राति हनत है गाय।
यहां खून वै वंदगी, क्यों कर खुशी खोदाय।।

जीव हिंसा न करने और मांसाहार के पीछे कबीर का तर्क बहुत महत्वपूर्ण है। वे मानते हैं कि दया, हिंसा और प्रेम का मार्ग एक है। यदि हम किसी भी तरह की तृष्णां और लालसा पूरी करने के लिये हिंसा करेंगे तो, घृणां और हिंसा का ही जन्म होगा। बेजुबान जानवर के प्रति या मानव का शोषण करने वाले व्यक्ति कबीर के लिये सदैव निंदनीय थे। कबीर सांसारिक जिम्मेवारियों से कभी दूर नही हुए। उनकी पत्नी का नाम लोई था, पुत्र कमाल और पुत्री कमाली। वे पारिवारिक रिश्तों को भी भलीभाँति निभाए। जीवन-यापन हेतु ताउम्र अपना पैतृक कार्य अर्थात जुलाहे का काम करते रहे।

कबीर घुमक्कड संत थे अतः उनकी भाषा सधुक्कडी कहलाती है। कबीर की वांणी बहुरंगी है। कबीर ने किसी ग्रन्थ की रचना नही की। अपने को कवि घोषित करना उनका उद्देश्य भी न था। उनकी मृत्यु के पश्चात उनके शिष्यों ने उनके उपदेशों का संकलन किया जो 'बीजक' नाम से जाना जाता है। इस ग्रन्थ के तीन भाग हैं, 'साखी', 'सबद' और 'रमैनी'। कबीर के उपदेशों में जीवन की दार्शनिकता की झलक दिखती है। गुरू-महिमा, ईश्वर महिमा, सतसंग महिमा और माया का फेर आदि का सुन्दर वर्णन मिलता है। उनके काव्य में यमक, उत्प्रेक्षा, रूपक, अनुप्रास आदि अलंकारों का सुन्दर समावेश दिखता है। भाषा में सभी आवश्यक सूत्र होने के कारण हजारी प्रसाद दिव्वेदी कबीर को "भाषा का डिक्टेटर" कहते हैं। कबीर का मूल मंत्र था, ''मैं कहता आँखन देखी, तू कहता कागद की लेखिन''। कबीर की साखियों में सच्चे गुरू का ज्ञान मिलता है। संक्षेप में कहा जा सकता है कि कबीर के काव्य का सर्वाधिक महत्व धार्मिक एवं सामाजिक एकता और भक्ती का संदेश देने में है।

कबीर दास जी का अवसान भी जन्म की तरह रहस्यवादी है। आजीवन काशी में रहने के बावजूद अन्त समय सन् 1518 के करीब मगहर चले गये थे क्योंकि वे कुछ भ्रान्तियों को दूर करना चाहते थे। काशी के लिये कहा जाता था कि यहाँ पर मरने से स्वर्ग मिलता है तथा मगहर में मृत्यु पर नरक। उनकी मृत्यु के पश्चात हिन्दु अपने धर्म के अनुसार उनका अंतिम संस्कार करना चाहते थे और मुसलमान अपने धर्मानुसार विवाद की स्थिती में एक अजीब घटना घटी उनके पार्थिव शरीर पर से चादर हट गई और वहाँ कुछ फूल पडे थे जिसे दोनों समुदायों ने आपस में बाँट लिया। कबीर की अहमियत और उनके महत्व को जायसी ने अपनी रचना में बहुत ही आतमियता से परिलाक्षित किया है।

ना नारद तब रोई पुकारा एक
जुलाहे सौ मैं हारा।
प्रेम तन्तु नित ताना तनाई,
जप तप साधि सैकरा भराई।।

मित्रों, ये कहना अतिश्योक्ति न होगी की कबीर विचित्र नहीं हैं सामान्य हैं किन्तु इसी साधारणपन में अति विशिष्ट हैं। हिन्दी साहित्य के इतिहास में कबीर जैसा व्यक्तित्व कोई नहीं हैं।

https://www-achhikhabar-com/2013/06/23/sant&kabir&das&life&essay&jayanti&in&hindi/

महान आदिवासी क्रांतिकारी बिरसा मुंडा की प्रतिमा तोड़ने पर आदिवासी समाज के युवाओं ने किया विरोध

झारखण्ड की राजधानी रांची के कोकर में बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर असामाजिक तत्वो द्वारा मुर्ति तोड़ने के विरोध में युवाओं ने जताया विरोध।

'बिरसा तेरा अपमान नहीं सहेगें, नहीं सहेंगें के नारे लगाते हुए जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन के कार्यकर्ता आज प्रातः 11 बजे एसडीएम कार्यालय राजपुर पहुंचे। जहां उन्होंने राष्ट्रपति नाम तहसीलदार भागीरथ वाखला को ज्ञापन सौंपा। नसोवासवाईएफ संगठन के सचिन पटेल व अखिलेश बघेल ने बताया कि झारखंड की राजधानी रांची के कोकर में बिरसा मुंडा की समाधि स्थल पर उनकी आदमकद प्रतिमा है, जिसके एक हाथ में मशाल जबकि दूसरे हाथ में तीर धनुष हैं। दिनांक 13 मई को असामाजिक तत्वों द्वारा द्वेषतापूर्वक उनके धनुष वाले हाथ को तोड़ दिया गया।

सचिन पटेल ने बताया कि जिस समय महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका में रंगभेदी सरकार के खिलाफ लोगों को एकजुट कर रहे थे, लगभग उसी समय भारत में भी बिरसा मुंडा अंग्रेजों, जमीदारों को शासकों के खिलाफ एक महत्वपूर्ण लड़ाई लड़ चुके थे। उन्होंने अंग्रेजों, जमीदारों के खिलाफ संघर्ष किया है। साथ ही उन्होंने आदिवासी समाज के लोगों को अपने मूल पारंपरिक आदिवासी धार्मिक व्यवस्था, संस्कृति एवं परंपरा को जीवंत रखने की प्रेरणा दी। आदिवासी समाज का जो अस्तित्व एवं अस्मिता बची हुई है, तो उसमें बिरसा मुंडा का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए पूरे देश का आदिवासी समाज उन्हें भगवान के समान पूजता है। ऐसे में बिरसा मुंडा की प्रतिमा के साथ जो कायराना हरकत की गई है। उससे पूरा आदिवासी समाज आक्रोशित है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि मुर्ति को तोड़ने वाले लोगों को जल्द पकड़कर उनके खिलाफ कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि आगे से देश के महापुरूषों की मुर्ति के साथ इस तरह की घटना ना घट सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिलेश अक्कू पटेल, जयस जिला उपाध्यक्ष महेश भाबर, परमानंद मुजाल्दे, दिनेश चौहान, पंकज गोरे, नसोसवायएफ ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश बघेल, नंदिनी गोरे, लक्ष्मी गोरे, वंदना सानियर, नंदिनी निगवाल, रिंगेश रावत, प्रवक्ता विजय जमरे, जिला अध्यक्ष आइटी सेल मुन्ना मोरे, आदिवासी एकता परिषद के राजाराम कनासे दादा, मुकेश चौहान, राहुल डोडवे, अनिल बडोले, इंद्रपाल वास्कले, अर्जुन चौहान, राजा उचवार, रंजीत आवासे, महेश रोमडे, साजित मंसुरी, विजय रोमड़े, सचिन निंगवाल, विशाल निंगवाल, महेश, प्रकाश वास्कले, दशरथ कन्नोजे, कमल अलावे, सुरज कोठारी, विनोद राठौड़, सावन सोलंकी, अश्विन निंगवाल, रवि आवासे, सुखलाल गोरे, कन्हैया चौहान, आदि कार्यकर्ता मौजुद थे। उक्त जानकारी मिडिया प्रभारी राहुल डोडवे ने दी।

सचिन पटेल,
इंदोर सभांग अध्यक्ष,
नसोसवाईएफ
9691515815

अनुसूचित जाति/जनजाति संगठनों का अखिल भारतीय परिसंघ

6 एवं 7 जुलाई को परिसंघ का राष्ट्रीय सम्मेलन दिल्ली में

समाज चाहता है कि उसके लिए नेता लड़े और मैंने वही किया तो भाजपा और आर.एस.एस. ने मेरा टिकट काटकर मुझे वंचित किया कि इस बार भी गलती से मैं संसद में न पहुंच जाऊं। अब यह समाज के हाथ में ही है कि वे मुझे दंडित करने में कामयाब हो पाते हैं अथवा नहीं। यदि मैं समाज के हित में न बोलता तो मंत्री होता, कम से कम टिकट की तो कोई चिंता न होती। बड़े बंगले सहित तमाम तरह की सुख-सुविधाएं और संसाधन होते लेकिन आज परिसंघ का कार्यालय चलाना भी भारी पड़ रहा है। दलित समाज के प्रति मेरा समर्पण एवं संघर्ष को भाजपा ने कभी भी पसंद नहीं किया और उन्होने मेरी आवाज को दबाने की कोशिश की लेकिन मैं अंतिम सांस तक समाज के हित के लिए लड़ता रहूंगा। यद्यपि मनुवादियों ने मुझे संसद के अंदर लड़ाई लड़ने से रोकने का प्रयास किया लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि हमारे लोग मुझे संसद के बाहर लड़ाई लड़ने के लिए साथ देने में पीछे नहीं हटेगें जो ज्यादा लाभप्रद है। देखना है कि अब समाज साथ देता है कि भाजपा एवं आर.एस.एस. मुझे दण्डित करने में सफल होते हैं ? जिन गलतियों के कारण मेरा टिकट कटा उनमें निम्नलिखित प्रमुख हैं :-

- प्रधानमंत्री की मौजदूगी में संसद में आरक्षण खत्म करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और सरकार को कटघरे में खड़ा किया जो शायद कोई न कर सका।
- निजी क्षेत्र में आरक्षण के लिए संसद में बिल पेश किया।
- 2 अप्रैल, 2018 को भारत बंद का समर्थन ही नहीं बल्कि परिसंघ ने इसका नेतृत्व करते हुए पूरे देश में भाग लिया।
- दिल्ली भाजपा द्वारा दलित भोज का विरोध किया और कहा कि यह सब करने से इनका वोट नहीं ले सकते बल्कि इन्हें भागीदारी दो।
- सबरीमाला मदिर में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के साथ खड़ा हुआ और भाजपा ने महिलाओं को मंदिर में प्रवेश का विरोध किया तो मैंने एक अम्बेडकरवादी होने के नाते इसका समर्थन किया।
- गुजरात हाई कोर्ट के न्यायधीश ने आरक्षण व भ्रष्टाचार को देश की बर्बादी का कारण बताया तो संसद में दो बार मैंने ही विरोध किया और अंत में फैसले से वह लाइन हटाया गया।
- 2015 में बंगलौर में भाजपा कार्यकारिणी में ईसाईयों पर अत्याचार का विरोध किया।
- सभी सांसदों एवं नेताओं की मौजूदगी में 2014 में आर.एस.एस. और भाजपा द्वारा समरसता के स्थान पर समतामूलक समाज बनाने की आवाज उठायी।
- सहारनपुर में जेल में बंद चंद्रशेखर उर्फ रावन की रिहाई की मांग संसद में मैंने उठाया, कोई अन्य दलित सांसद ऐसा करने का साहस न कर सका।
- लगातार आरक्षण और खाली पदों पर भर्ती का मुद्दा उठाता रहा।
- मैंने सवाल किया कि लाभ वाले सार्वजनिक उपक्रमों को क्यों बेंचा जा रहा है, इससे सबसे अधिक नुकसान दलितों का ही है
- सरकार द्वारा दलित एवं आदिवासियों के लघु उद्योगों से 4 प्रतिशत वस्तु एवं सेवा की खरीद की योजना को न लागू करने के लिए निरंतर विरोध किया।
- रोहित वेमुला, उना आदि घटनाओं के लिए सरकार की निष्क्रियता पर आवाज उठाई।
- स्टैंड-अप इंडिया के तहत सवा लाख बैंक शाखाओं से दलितों को लोन देकर व्यापारी बनाने की योजना का पर्दाफाश किया। केवल 6 प्रतिशत बैंक शाखाओं द्वारा ही अजा/जजा को लोन दिया गया।
- SCP/TSP प्लान का दर्जा खत्म करके सामान्य कर दिया अर्थात इसके अंतर्गत आबंटित राशि कहीं भी दुरूपयोग की जा सकती है।
- कई बार आवाज उठाई कि उच्च पद जैसे सचिव, कुलपति आदि में दलितों, आदिवासियों एवं पिछड़ों की नियुक्ति क्यों नहीं की जा रही ?
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वजीफा की राशि क्यों रोकी गयी, इससे करोड़ो बच्चों की शिक्षा पर प्रतिकूल असर पड़ा।
- दिल्ली विश्वविद्यालय के नेतृत्व में 13 प्वाइंट रोस्टर के विरोध में विद्यार्थी एवं शिक्षक के विशाल प्रदर्शन का न केवल संबोधन किया बल्कि उनके साथ खड़ा रहा। मोदी जी और अमित शाह के डर से क्या कोई और सांसद ऐसा करने की सोच सकता है ?

विभिन्न स्वतंत्र एजेंसियों के सर्वे के आधार पर सांसद के रूप में उत्कृष्ट कार्यो के लिए मुझे श्रेष्ठ सांसद, बेजोड़ सांसद एवं पूरे देश में द्वितीय सर्वश्रेष्ठ सांसद के रूप में सम्मानित किया गया, जो बहुजन समाज के लिए गर्व की बात है। पिछले 70 सालों शायद कभी भी ऐसा नहीं हुआ कि ऐसी एजेंसियों द्वारा दलित वर्ग से किसी सांसद का चयन हुआ हो।

मैं चाहता हूँ की काम, नतीजा, योग्यता, ईमानदारी और समर्पण के आधार पर समाज नेता माने। अगर मुझसे अच्छा कोई और काम करने वाला हो तो समाज उसका नाम बताए या मेरा साथ दे। अभी तक भावना, जाति और नाम पर नेता समाज ने माना उसका परिणाम हुआ की आरक्षण लगभग समाप्त हो गया और काम करने वालों का अब भी समाज साथ नहीं दिया तो भूल जाओ कि मान, सम्मान और अधिकार अब बचने वाला है। माला-मादिगा और चमार बनाम मै चमार की लड़ाई से हमारे अधिकार खत्म हो जाएंगें। भाजपा का हिन्दू राष्ट्र का सपना अब साकार हो चुका है। राष्ट्र को किसी से कोई खतरा नहीं है लेकिन ऐसा प्रचारित किया गया कि हमारे लोग भी भावना में आकर ऐसा मान बैठे और राष्ट्र बचाने के नाम पर भाजपा को वोट दिया। यदि हिन्दू राष्ट्र का इनका सपना साकार हुआ तो इसके लिए हमारे स्वार्थी, जातिवादी एवं अहंकारी दलित एवं पिछड़े ही जिम्मेदार हैं।

